हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–206 : जौनपुर, शनिवार 20 नवंबर 2021 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## डीजीपी कॉन्फ्रेंस में शामिल हुए पीएम मोदी

लखनऊ ब्यूरो : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लखनऊ में चल रही डीजीपी कॉन्फ्रेंस में शामिल होने के लिए पहुंच गए हैं। डीजीपी कॉन्फ्रेंस देर शाम तक चलेगी। प्रधानमंत्री लंच और डिनर डीजीपी मुख्यालय में ही करेंगे। प्रधानमंत्री के अलावा गृह मंत्री और दोनों गृह राज्य मंत्री कॉन्फ्रेंस में मौजूद हैं। पीएम मोदी रविवार को सम्मेलन के समापन समारोह में शामिल होने के बाद दिल्ली के लिए रवाना होंगे। इससे पहले, डीजीपी कांफ्रेंस में शामिल होने के लिए शुक्रवार रात लखनऊ पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एयरपोर्ट पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई नेताओं ने स्वागत किया। पीएम मोदी एयरपोर्ट से रात्रि विश्राम के लिए सीधे राजभवन पहुंचे। राजभवन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने उनका स्वागत किया। मोदी ने राजभवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। पुलिसिंग को नहीं होना चाहिए राजनीति का शिकार: शाह। शुक्रवार को देशभर के पुलिस महानिदेशक, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों व पुलिस संगठनों के प्रमुखों के सम्मेलन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने साफ कहा कि पुलिसिंग और राजनीति अलग–अलग है। पुलिसिंग को राजनीति का शिकार नहीं होना चाहिए। पुलिस को अच्छे काम का इनाम मिलना चाहिए तो गलत काम करने वालों को सजा भी मिलनी चाहिए। उन्होंने जेलों को फेल प्रूफ और फुल प्रूफ होना चाहिए। उन्होंने केंद्र व राज्यों की एजेंसियों में बेहतर तालमेल पर जोर दिया। लखनऊ में तीन दिनी 56वीं डीजीपी कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन करते हुए शाह ने शुक्रवार को कहा कि साइबर क्राइम बड़ी चुनौती बनती जा रही है। केंद्रीय



गृह मंत्री अमित शाह ने कहा इससे निपटने के लिए राज्य पुलिस को केंद्रीय एजेंसियों के साथ मिल कर काम करना होगा। उन्होंने सोशल मीडिया की निगरानी पर जोर देते हुए कहा कि ऐसी पोस्ट जो कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाले होते हैं, उनसे सख्ती से निपटा जाए। शाह ने कहा कि नेशनल इंटेलीजेंस ग्रिड बना है। केंद्र सरकार ने कई तरह के सेंटर बनाए हैं जिनका इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। आधुनिक उपकरण लगाए गए हैं। 370 हटने के बाद जम्मू–कश्मीर में 13 हजार करोड़ का आया निवेश। शाह ने कहा कि जम्मू और कश्मीर में धारा 370 हटने के बाद सकारात्मक बदलाव आए हैं। आजादी के बाद से 2019 तक जितना निवेश नहीं आया था, उससे अधिक निवेश बीते दो सालों में आया है। उन्होंने कहा कि बीते दो साल में लगभग 13 हजार करोड़ रुपये का निवेश आया है। सैलानियों की संख्या में भी काफी बढ़ोतरी हुई है। पिछले चार साल में जितने सैलानी नहीं आए, उससे अधिक इस वर्ष आए हैं। उन्होंने कहा कि जो थोड़ी बहुत घटनाओं हो रही हैं, उन्हें रोकने के लिए वहां की पुलिस और अर्ध सैनिक बलों ने काफी अच्छा काम किया है।

## बोलोरो ने स्प्लेंडर बाइक सवार को मारी टक्कर : मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय थाना क्षेत्र के बारीगांव में बीती रात 10:00 बजे बधवां की तरफ से जमालापुर की ओर जा रही अनियंत्रित बोलोरो ने स्प्लेंडर बाइक सवार को टक्कर मार दी। आसपास के लोगों ने उठाकर हालत चिंताजनक होने पर मड़ियाहूं सीएचसी भेज रहे थे कि रास्ते में उनकी मौत हो गई फिर भी लोगों ने सीएससी पर इलाज के लिए ले गए जहां डॉक्टरों ने दोनों की मौत होना बताया अभी तक सब सीएससी पर लिखा पढ़ी के लिए पड़ी हुई है। थाना क्षेत्र के बारी गांव बाजार में शुक्रवार की रात 10:00 बजे बधवा की तरफ से एक बोलेरो UP62AF2366 मियांचक की तरफ जा रही थी तथा मियाचक की ओर से स्प्लेंडर बाईक से दो व्यक्ति बधवा जा रहे थे। बारीगांव बाजार में तेज रफ्तार से जा रही अनियंत्रित बोलेरो बाइक में टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार दोनों लोग गंभीर घायल हो गए बोलोरो अनियंत्रित होकर एक पेड़ में टकराकर वह भी क्षतिग्रस्त हो गया। बाइक सवार दोनों की हालत गंभीर देखते हुए घायलों को सीएचसी मड़ियाहूं भिजवाया गया जहां परात में दोनों व्यक्तियों की मृत्यु हो गई। मृतक में एक का नाम संजय पुत्र पुरुषोत्तम शर्मा निवासी ग्राम भवादीपुर थाना जलालपुर जिला जौनपुर उम्र करीब 42 वर्ष तथा दूसरा नटवरलाल शर्मा पुत्र स्वर्गीय बनारसी ग्राम इटिया वीर थाना नेवढ़िया जिला जौनपुर उम्र 40 वर्ष है। दोनों की डेड बॉडी मर्चरी हाउस मड़ियाहूं में है। एक्सीडेंट करने वाली बोलेरो को पुलिस ने पकड़कर थाना परिसर में खड़ी किया है। जबकि चालक फरार हो गया है पुलिस द्वारा चालक की तलाश की जा रही है। मामले में थानाध्यक्ष राम सरीख गौतम ने बताया कि चालक की तलाश जारी है। अभी तक मृतक के परिजनों द्वारा कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुआ है जिसके कारण मुकदमा नहीं दर्ज है।

## ऐतिहासिक किसान आन्दोलन की जीत पर क्रांतिकारी बधाई

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : प्रधानमंत्री द्वारा तीन कृषि कानूनों को वापस लेने के ऐलान के बाद छात्र संगठन–एआईडीएसओ के महासचिव सौरभ घोष ने बयान जारी करते हुए कहा कि यह किसानों और आम लोगों की जीत विश्व के पटल पर ऐतिहासिक छाप छोड़ेगा। किसानों द्वारा इन तीन कृषि कानूनों के खिलाफ पिछले 1 वर्ष से निरंतर संघर्ष चलाया जा रहा है, जिसमें महिलाएं छात्र नौजवान मजदूर एवं समाज के मेहनतकश लोगों का हर तबका शामिल है। यह इस आंदोलन का दबाव ही है कि जिस ने प्रधानमंत्री को इस ऐलान के लिए विवश कर दिया। यह वीरतापूर्ण आंदोलन 700 से अधिक लोगों की कुर्बानियों को हमेशा याद रखेगा, जिन्होंने इस आंदोलन को सफल बनाने के लिए अपनी जान न्यौछावर किए। एआईडीएसओ ने इस आंदोलन के शुरू होने के पहले दिन से ही इसमें अपनी भागीदारी निभाई और "देश का छात्र किसानों के साथ" के नारे के साथ पूरे देश में छात्रों को संगठित करने का काम किया है। हम छात्र समुदाय को इस ऐतिहासिक आंदोलन में अपनी बेहतरीन भूमिका निभाने के लिए उनको क्रांतिकारी बधाई देते हैं। यह आंदोलन हमें सीख देता है कि इस दुनिया की कोई शक्ति चाहे वह कितना भी दमन करने की कोशिश करें मेहनतकश लोगों की साहसिक जनतांत्रिक लड़ाई को जीतने से नहीं रोक सकता है, बशर्ते वह संघर्ष सही दिशा में और अदम्य साहस के साथ लगातार चलाया जाए। हम भारत के छात्र समुदाय से अपील करते हैं कि वह पहले की तरह चौकसी के साथ इस आंदोलन को सहयोग करना जारी रखें जब तक इन तीन कृषि कानूनों को संसद द्वारा वापस नहीं ले लिया जाता, साथ ही नए ताकतों के साथ सभी फसलों के लागत मूल्य से 50% से अधिक समर्थन मूल्य तय करने की गारंटी करने, पूरे देश भर में किसानों के खिलाफ सभी प्रकार के मुकदमे वापस लेने एवं मोदी सरकार को शहीद किसानों के परिवारों की जिम्मेदारी लेने के लिए बाध्य करने तक आंदोलन जारी रखें। हम सभी छात्र समुदाय से इस ऐतिहासिक आंदोलन से सीख लेने की और विनाशकारी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 जो छात्रों का भविष्य, देश और समाज को बर्बाद करने वाली है के खिलाफ एक शक्तिशाली आंदोलन खड़ा करने की अपील करते हैं। इस अवसर पर ए आई डी एस ओ छात्र संगठन के उत्तर प्रदेश राज्य सचिव दिलीप कुमार ने किसान आन्दोलन की जीत पर संघर्षशील किसानों व नागरिकों को क्रांतिकारी बधाई दिया और किसान आन्दोलन में शहीद किसानों के प्रति विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किया। आन्दोलन को आगे बढ़ाने का आह्वान भी किया।

## जन्मदिन पर रानी लक्ष्मीबाई को किया नमन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुंगराबादशाहपुर नगर के चूड़ी गली में स्थित कार्यालय पर शुक्रवार देर शाम को महारानी लक्ष्मीबाई युवा ब्रिगेड के तरफ से वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाया गयाद्यलोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रंद्धाजलि देते हुए उन्हे याद कियाद्य भाजपा महिला मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष नीलम गुप्ता ने कहा कि आज भले ही इस दुनिया में वीरांगना लक्ष्मीबाई नहीं हैद्यकिन्तु उनकी वीर गाथा हम देशवासियों के लिए प्रेरणास्त्रोत हमेशा बना रहेगाद्यपंडित राधेश्याम दूबे ने कहा कि अब महिलाएं अबला नही सबला है उन्हे लक्ष्मीबाई के पदचिन्हों पर चलना चाहिए तभी उनका सुरक्षा के साथ कल्याण संभव हैद्यसमाज सेवी मुरलीधर गुप्त व शायर मोहम्मद फारूक ने देशभक्ति का गीत प्रस्तुत कर लोग का मनमोह लियाद्यसंचालन सूरज विश्वकर्मा व जितेन्द्र गुप्त ने कियाद्यमुख्य रूप से राजीव जायसवाल,राम किशन साहू, हिमाशू गुप्ता, अभय मोदनवाल, शुभम मौर्या, हरिशंकर बाबा जी, मनीष पाण्डेय, शुभम कुमार गुप्त, आदि थे।

## हज कमेटी आफ इण्डिया द्वारा हज–2022 की घोषणा

जौनपुर सु.वि. : उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति द्वारा 11 नवम्बर 2021 द्वारा हज–2022 की घोषणा हज कमेटी आफ इण्डिया द्वारा 01 नवम्बर 2021 को की गयी है उक्त हेतु गाइडलाइंस जारी किये गये है, जिसमें हज आवेदन फार्म केवल हज कमेटी ऑ इण्डिया मुम्बई की वेबसाइट www.hajcommittee.gov.in पर ऑनलाइन व हज कमेटी आफ इण्डिया के मोबाइल एप के माध्यम से भरे जा सकेंगे, ऑनलाइन आवेदन रजिस्ट्रेशन हेतु आवेदक का मोबाइल नम्बर व ई–मेल आई0डी0 आवश्यक है जिस पर ओ0टी0पी0 आयेगा। ओ0टी0पी0 दर्ज करने पर रजिस्ट्रेशन पूर्ण होगा एवं आवेदन सम्भव होगा तथा आवेदन भरने के बाद आवश्यक प्रपत्र अपलोड करना होगा तदोपरान्त रजिस्ट्रेशन शुल्क जमा किया जायेगा तभी प्रिंटआउट (पीडीएफ) निकाला जा सकेगा। सभी प्रापत्र जेपीजी/जेपीईजी फारमैट में होंगे। फोटोग्राफ का साइज 10 केबी से 100 केबी के चौड़ाई 100 से 148 फिक्सल रहेगा। प्रपत्रों का साइज 100 केबी से 500 केबी व चौड़ाई 570 से 795 फिक्सल रहेगा, आवेदन 01 नवम्बर 2021 से आरम्भ होकर अन्तिम तिथि 31 जनवरी 2022 तक किये जा सकेंगे, एक कवर में एक ही परिवार के अधिकतम पांच व न्यूनतम एक व्यस्क व्यक्ति आवेदन कर सकेंगे तथा आवेदन हेतु 10 जुलाई 2022 को आवेदक की आयु 65 वर्ष से अधिक न हो (अर्थात उनकी जन्मतिथि 10 जुलाई, 1957 से पूर्व न हो), रजिस्ट्रेशन शुल्क रू0 300 प्रति आवेदक की दर से वेबसाइट www.hajcommittee.gov.in पर ऑनलाइन ई–पेमेण्ट से अथवा ऑफलाइन वेबसाइट पर उपलब्ध पे–इन–स्लिप डाउनलोड कर हज कमेटी आफ इण्डिया के स्टेट बैंक खाता संख्या 35398104789 ^HAJ PILGRIM PROCESSING FEE^ मे जमा कराया जा सकेगा। ऑनलाइन आवेदन करने के उपरान्त आवेदक के फोटो, जमा धनराशि की रसीद, पासपोर्ट की प्रथम व अन्तिम पृष्ठ तथा बैंक पासबुक/कैसल्ड चेक की प्रति वेबसाइट पर ऑनलाइन अपलोड करना आवश्यक होगा, यदि जिन हज आवेदकों को ऑनलाइन आवेदन/अपलोड करने में कठिनाई आ रही हो तो वह जिलों में स्थापित हज ई–सुविधा केन्द्र/हज फैसिलीटेशन सेन्टर/स्वयं सेवी संस्थाओं/राज्य हज समिति के कार्यालय से सहायता प्राप्त कर सकते है इन स्थलों पर हज आवेदन ऑनलाइन करने व प्रपत्रों को अपलोड करने की निःशुल्क व्यवस्था है। हज आवेदन करते समय पासपोर्ट की वैधता 31 दिसम्बर 2022 तक होना अनिवार्य है तथा पासपोर्ट 31 जनवरी 2022 (हज आवेदन की अन्तिम तिथि) तक निर्गत होना आवश्यक है। आवेदन फार्म में अंकित आवसीय पता यदि पासपोर्ट में अंकित पते के समान है तो आवसीय प्रमाण के रूप में पासपोर्ट की फोटोप्रति मान्य होगी यदि आवेदन फार्म में अंकित पता पासपोर्ट में अंकित पते से भिन्न है तो अन्य जिले या राज्य का है तो स्वहस्ताक्षरित प्रपत्र जैसे– आधार कार्ड, बैंक पासबुक, निर्वाचन आयोग द्वारा जारी वोटर पहचान पत्र व गत 03 माह के बिजली/टेलीफोन बिल (लैण्डलाइन)/पानी का बिल, गैस कनेक्शन प्रमाण पत्र आवेदन फार्म के साथ संलग्न किये जायेंगे तथा इन्हे वेबसाइट पर अपलोड भी किया जायेगा। बिना महरम श्रेणी की महिलाऐं जिनकी आयु आवेदन आवेदन के समय 45 वर्ष से कम अथवा 65 वर्ष से अधिक न हो व महिलाऐं अधिकतम 04 के ग्रुप में आवेदन कर सकती है। उन्हे Ladies without mehram कैटेगरी में रखा जायेगा। इस श्रेणी में जो महिलाऐं हज 2020 एवं हज 2021 में आवेदन कर चुकी है उन्हे इस बार आवेदन करने पर रजिस्ट्रेशन शुल्क नही जमा करना होगा। बच्चे (इंफेण्ट) जिसकी आयु 15 अगस्त 2022 को 02 वर्ष से अधिक न हो वह एक ग्रुप में एक अथवा दो आवेदन कर सकते है उनकी निर्धारित धनराशि बाद में जमा की जायेगी। हज ओवदन में किसी प्रकार की कठिनाई आने पर आवेदक हज कमेटी ऑफ इण्डिया मुम्बई के हेल्पलाइन नम्बर 022–2210 70 70 (100 लाईन्स युक्त) आटोमेटड इंफार्मेशन सेन्टर पर सम्पर्क कर सकते है अथवा उ0प्र0 राज्य हज समिति के सी0यू0जी0 नम्बरों 7310103531, 7310103536, 7310103537, 7310103538, 7310103541, 7310103543 एवं जिला हज ट्रेनर 9839890011 पर सम्पर्क कर सकते है।

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में केराकत तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक अजय कुमार साहनी की उपस्थिति में केराकत तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में 152 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 05 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर एक सप्ताह के अंदर निस्तारण कराने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में जो भी शिकायतें प्राप्त हुई है उनका निस्तारण जांच करके गुणवत्तापूर्वक कराया जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर ज्यादातर शिकायतें जमीन विवाद के संबंध में प्राप्त हुई, जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि राजस्व तथा पुलिस विभाग की टीम मौके पर जाकर निरीक्षण करें तथा नियमानुसार कार्रवाई करते हुए शिकायतों का निस्तारण करायें। जिलाधिकारी द्वारा कहा गया कि लेखपालों तथा कानूनगो की टीम बनाकर जमीन विवाद से सम्बन्धित मामलों की जांच




कराते हुए नियमानुसार समाधान कराया जाए और जमीन विवादों के मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही करने पर सम्बन्धित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि जमीन विवाद का निस्तारण शासन प्रशासन की शीर्ष प्राथमिकता में है अतः इसमें किसी प्रकार की लापरवाही करने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी केराकत राजेश कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## शिवानी रावत की अध्यक्षता में ए0डी0आर0 भवन में लीड बैंक एवं अन्य बैंकों के प्रबन्धकगण की बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक वसूली के मामलों को प्री–लिटिगेशन स्तर पर सुलह–समझौते के आधार पर निस्तारण कराये जाने के सम्बन्ध में विचार विमर्श हेतु 20 नवम्बर 2021 को सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शिवानी रावत की अध्यक्षता में उनके विश्राम कक्ष ए0डी0आर0 भवन में लीड बैंक एवं अन्य बैंकों के प्रबन्धकगण की बैठक की गयी। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा लोक अदालत के माध्यम से वाद निस्तारण के लाभों को बताते हुए बैंक पदाधिकारी गण को निस्तारण योग्य मामलों को शीघ्र चिन्हित कर उनको समय से नोटिस प्रेषित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में उपस्थित प्रबन्धक गण द्वारा बताया गया कि ऋणी को नोटिस प्रेषित किये जाने हेतु वाद चिन्हित कर लिये गये है, प्राथमिकता के आधार पर नोटिस तैयार की जा रही है, जल्द ही उचित माध्यम से प्रेषित कर अधिकाधिक वादों का निस्तारण कराया जायेगा। बैठक में नोडल अधिकारी लोक अदालत द्वारा समस्त बैंक प्रबन्धकों को निर्देशित किया गया कि व्यक्तिगत रूचि लेते हुए आगामी लोक अदालत में अधिकाधिक वादों का निस्तारण कराया जाना सुनिश्चित करें तथा यदि किसी भी प्रकार कि कोई समस्या हो तो मुझे अवगत कराये, उसका समाधान कराया जायेगा। इस पर शाखा प्रबन्धकगण द्वारा निस्तारण में पूर्ण सहयोग हेतु प्रतिबद्धता जाहिर की गयी तथा अधिकतम मामलों के निस्तारण का आश्वासन दिया गया। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा समस्त जनपद वासियों से अपील की गयी कि 11 दिसम्बर 2021 को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी प्रकार के सुलह–समझौता योग्य वादों का निस्तारण कराकर लाभ उठायें। बैठक में शाखा प्रबन्धकगण यूनियन बैंक आफ इण्डिया, सेन्ट्रल बैंक आफ इण्डिया, इण्डियन ओवर सीज बैंक तथा स्टेट बैंक आफ इण्डिया के प्रतिनिधि व बैंक अधिवक्ता अतुल कुमार श्रीवास्तव व बैंक आफ बड़ौदा, बैंक आफ इण्डिया एवं पंजाब नेशनल बैंक के प्रतिनिधि व बैंक अधिवक्ता विनोद कुमार गुप्ता उपस्थित हुए।

## आवश्यक सूचना

**आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dkulive चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें–**

**www.Deshkiupasana.com**
**www.Deshkiupasana.in**
**www.Deshkiupasana.org**

–संपादक

## खेल से ही शारीरिक व मानसिक विकास संभव – भोला नाथ यादव

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिले के विकास खण्ड तारुन क्षेत्र के जाना बाजार में स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन के प्रणेता बाबा लंगड दास स्मारक मेला विभिन्न कार्यक्रमों के साथ भव्य समारोह पूर्वक शुक्रवार संपन्न हुआ।इस मौके पर तीन किलोमीटर लंबी रेस स्वाधीनता दौड़ में रत्नेश कुमार प्रथम स्थान प्राप्त कर तिरंगा झंडा को अपने कब्जे में ले लिया।इस मौके पर



विजेता धावकों को पुरस्कार वितरण करते हुए मुख्य अतिथि के आये सेना के पूर्व हवलदार भोला नाथ यादव ने संबोधित करते हुए कहा सामाजिक सद्भभाव बढ़ाने में खेल की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।खेल से ही हमारा शरीर स्वस्थ रहता है।वही इसी कड़ी में थाना क्षेत्र हैदरगंज के जाना बाजार के ककरहिया गांव में स्थित स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन के प्रणेता लंगड़ दास की समाधि स्थल पर प्रतिवर्ष उनकी याद में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मेले के साथ विभिन्न कार्यक्रमों अखंड रामायण पाठ ,हवन, भंडारा ,सांस्कृतिक , खेल कूद, सैनिक सम्मान, वृद्धजन सम्मान कार्यक्रमों का आयोजन समारोह पूर्वक का आयोजित किया जाता है।इस वर्ष आयोजित विभिन्न अनुष्ठानों के साथ कार्यक्रमों में मेले का विशेष आकर्षण केंद्र स्वाधीनता दौड़ रही जो तारुन हैदरगंज मार्ग पर स्थित जाना बाजार के फुलअरदास की समाधि से बाबा लंगड दास की समाधि तक 3 किलोमीटर लंबी रेस रही। जिसमें 15 धावकों ने प्रतिभाग किया धावकों को मुख्य अतिथि के साथ विशिष्ट अतिथियों जिप सदस्य रामस्वरूप फैजाबादी, दरोगा टी के आजाद, ने संयुक्त र ब्लाक प्रमुख तारुन प्रत्याशी रही राजकुमारी वर्मा, प्रवक्ता जेपी सिंह, प्रधान अशोक कुमार वर्मा, ने तिरंगा झंडा दिखा कर रवाना किया। कार्यक्रम स्थल पर आयोजित समारोह के दौरान विजेता प्रतिभागियों में प्रथम रत्नेश कुमार को तिरंगे झंडे के अलावा भी पुरस्कार ,व द्वितीय राम करण पाल ,तृतीय शिवम निषाद ,चतुर्थ अंकित कुमार ,पांचवा खुर्शीद, छठवां सतीश तिवारी , अंशु सिंह को सातवां स्थान पाने पर पुरस्कार देकर मुख्य अतिथि ने देकर सम्मानित किया। समारोह को मुख्य अतिथि के अलावा अन्य विशिष्ट अतिथियों के साथ क्षेत्र पंचायत सदस्यगण पवन कुमार भारती, शिव कुमार सिंह, शिक्षक हरिराम, मनीष तिवारी, रामचंद्र यादव आदि ने संबोधित किया। समारोह की अध्यक्षता मेला समिति के अध्यक्ष चिंतामणि सिंह संचालन संयोजक शेर बहादुर शेर ने किया। अतिथियों को तिरंगा पट्टी ,टोपी ,व फूल मालाओं के साथ शिवपाल सिंह ,राकेश यादव, जितेंद्र सिंह ,पवन सिंह ,आशीष सिंह ,डीपी सिंह ने किया ।इस मौके पर मेला समिति के पदाधिकारियों राम अजोर पाल, शंभू सिंह ,मदन कुमार ,राहुल पांडे ,धिसई पाल ,गया प्रसाद सिंह, बद्री सिंह ,राम कल्पयादव आदि के अलावा सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि न मिलने वाले कृषक भाई 23 नवंबर तक करवा लें डेटा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आपके ग्राम सभा में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत मिलने वाले तीन फसलों के पूर्व रवि, खरीफ, जायद, रुपए 2000 जिनको नहीं मिल रहे हैं। उन सब भाइयों से निवेदन करना है कि अपने आधार कार्ड की छाया प्रति,बैंक पासबुक की छायाप्रति, लाभार्थी का मोबाइल नंबर लेकर के अपने जनपद मुख्यालय स्थित उप कृषि निदेशक के कार्यालय में पहुंचकर अपने डेटा को 3 दिन के अंदर सही करवा ले। जिसकी अंतिम तारीख 23.11.2021 होगी। किसान सम्मान निधि न मिलने के निम्न लिखित कारण हो सकते है, 1–दूसरे खाते में पैसे जा रहे हो, 2–आधार एवं बैंक मे नाम मिस मैच हो, 3– किसान भाइ का देहांत हो गया हो किन्ही कारणों से पैसे रुकवाने हो ,वह भी इसका लाभ उठा सकते हैं। उसके साथ साथ परिवार में पति पत्नी दोनों लोग लाभार्थी हैं तो उनमे से कोई एक ही पात्र होगा ।इन सब को देखते हुए आप अति शीघ्र अपने कृषि विभाग के मुख्यालय पहुंच कर अपने अभिलेख तत्काल सही करवा ले। इस सूचना को उन सभी किसान भाइयों को देने का कष्ट करें, जो इसके पात्र है,धन्यवाद। शरद पटेल कृषि विभाग जौनपुर । सूचना दिनाक 20–11–2021 को जारी की गयी है।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

*भलाई करते रहिये बहते पानी की तरह, बुराई खुद ही किनारे लग जायेगी कचरे की तरह–*

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

# बूथ समिति और पन्ना प्रमुख मिलकर सफलता का इबारत लिखेंगे: सुब्रत पाठक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी के संगठन को मजबूत रखने के उद्देश्य से प्रदेश महामंत्री भाजपा सुब्रत पाठक का बदलापुर विधानसभा में किया प्रवास उन्होंने बदलापुर विधानसभा में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संगठन नीति समझाते हुए कहा कि पार्टी सर्वस्पर्शी और सर्वव्यापी नीति को लेकर आगे बढ़ रही है। जिससे संगठन की बूथ समितियां और पन्ना प्रमुख मिलकर बूथ विजय अभियान के तहत आगामी चुनाव के सफलता की इबारत लिखेंगी। वे शुक्रवार को स्थानीय एक लाज में पार्टी के विधानसभा क्षेत्र कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि चुनाव को गंभीरता से लेने की जरूरत है क्योंकि प्रदेश में सपा की सरकार बनने का मतलब गुंडों की सरकार बनाना है। आगामी विधानसभा चुनाव अभियान की रणनीति खाका खींचते हुए प्रदेश के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी राकेश त्रिवेदी ने कार्यकर्ताओं को समझाते हुए कहा कि जनता भाजपा सरकार बनाने के लिए तैयार है। जनता 40 साल तक सपा को प्रदेश की सत्ता से दूर रखने के लिए सक्रिय है। अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष पुष्पराज




सिंह ने मंडलवार कार्यकर्ताओं की उपस्थिति की जानकारी लिये और उनको सम्बोधित करते हुये कहा कि विधानसभा के चारों मंडलों को संगठन की दृष्टि से मजबूत और सशक्त बनाने के लिए प्रत्येक बूथ को सक्रिय करना है। पन्ना प्रमुख की नियुक्ति पार्टी के लिए महत्वपूर्ण कार्य करने के लिए हम सभी को पूरी निष्ठा के साथ काम करना होगा। बदलापुर विधायक रमेशचन्द्र मिश्रा ने आगे कहा कि संगठन को और मजबूती प्रदान करने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को और अधिक कार्य करना होगा। उक्त अवसर पर जिला महामंत्री सुनील तिवारी, विनीत शुक्ल, विधानसभा विस्तारक मिथिलेश सिंह, मण्डल अध्यक्ष गण विनोद शर्मा, बलवीर गौड़, विनोद मौर्या, लवकुश सिंह सहित, शक्ति केन्द्र प्रमुख गण, शक्ति केन्द्र प्रभारी गण सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## प्रधानमंत्री द्वारा काले कृषि कानून वापसी की घोषणा का कारण पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव – प्रियंका गांधी वाड्रा

लखनऊ डीकेयू ब्यूरो : भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की महासचिव एवं प्रभारी उत्तर प्रदेश कांग्रेस श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा जी ने लखनऊ स्थित अपने आवास पर एक प्रेस–कांफ्रेस को सम्बोधित किया। अपने सम्बोधन में आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा विगत वर्ष से लागू काले कृषि कानून की वापसी की घोषणा पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी भाषण दे रहे थे तो मेरे मन में बहराइच के रहने वाले श्री संजीत सिंह जिन्हें लखीमपुर में केन्द्र सरकार के मंत्री के बेटे ने अपनी गाड़ी के नीचे कुचल दिया था के पीड़ित परिवार की ओर ध्यान गया। जब मैं उनसे मिलने गयी तो दलजीत सिंह की पत्नी ने कहा कि मुझे बड़ा डर लग रहा है। मैं पति के बिना अपने दोनों बच्चों को कैसे संभालूँ? प्रियंका गांधी वाड्रा जी ने उनकी मनःस्थिति के बारे में बताया कि पीड़ित परिवार क्या सोच रहा होगा? जिस दिन लखीमपुर में घटना हुई, उस दिन प्रधानमंत्री जी लखनऊ में थे। हेलीकाप्टर के माध्यम से मात्र 15 मिनट में लखनऊ से लखीमपुर जनपद पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उनका दर्द साझा कर सकते थे। मगर प्रधानमंत्री जी ने ऐसा करने के बजाय हत्यारों को संरक्षण दिया। केन्द्रीय मंत्री का आज तक इस्तीफा नहीं लिया। आज प्रधानमंत्री माफी मांग रहें हैं, जबकि 600 से 700 किसान शहीद हो चुके हैं। देश समझ रहा है कि चुनाव आ गयें हैं और परिस्थितियां भाजपा के पक्ष में नहीं हैं तो माफी मांगने आ गये हैं। श्रीमती प्रियंका गांधी जी ने आगे कहा कि हमें समझना होगा। सरकार के नेताओं ने किसान को क्या–क्या नहीं कहा? आन्दोलनजीवी, गुण्डे, आतंकवादी, देशद्रोही, और जब ये कहा जा रहा था तो प्रधानमंत्री जी चुप क्यों थे? आन्दोलनजीवी तो प्रधानमंत्री जी ने ही कहा था। किसानों की हत्या की जा रही थी, मारा जा रहा था, लाठियां बरसाई जा रही थी, गिरफ्तार किया जा रहा था, और यह तो सरकार ही कर रही थी। आज कृषि कानून वापसी की बात कर रहें हैं पर हम आपकी नियत पर कैसे भरोसा करें? खुशी इस बात की है कि सरकार समझ गई है कि किसान से बड़ा इस देश में कोई नहीं है। इस देश में सरकार अगर किसान को कुचलने की कोशिश करती है और किसान खड़ा हो जाता है तो सरकार को अंत में झुकना ही पड़ता है। श्रीमती प्रियंका गांधी जी ने आगे कहा कि जो किसान शहीद हुए इस पूरे आन्दोलन में, कई किसानों के परिवारों से मैं मिल रहीं हूँ। मैं उनके दुख को समझती हूँ। हम सबको सबसे पहले उन्हें श्रद्धांजलि देनी चाहिए। सरकार अगर सचमुच सीरियस है तो उन्हें उचित कार्यवाही करनी चाहिए। खासतौर से जनपद लखीमपुर में जो हुआ, उसमें आरोपी के पिता जो कि केन्द्रीय मंत्री हैं, उन्हें बर्खास्त करना चाहिए। किसान की समस्या पर प्रकाश डालते हुए प्रियंका गांधी जी ने कहा कि आज किसान कर्ज में डूबा हुआ है। मैं ललितपुर गई, जहां किसान की खाद के लिए लाइन में खड़े रहने की वजह से मृत्यु हो गई। कुछ किसानों ने आत्महत्या कर ली। किसानों की समस्या को सुलझाने का कर्तव्य हम सबका है। मुझे खुशी है कि किसान डटे रहे और विपक्ष के दलों ने भी उनका समर्थन किया। हम सबको धन्यवाद देना चाहते हैं। प्रधानमंत्री तमाम छोटी–छोटी चीजों के लिए अध्यादेश लातें हैं तो काले कृषि कानून वापसी के लिए अध्योश क्यों नहीं लाते? चुनाव का इन्तजार क्यों कर रहें हैं? श्रीमती प्रियंका गांधी जी ने कहा कि यह आन्दोलन किसान का था और किसी को भी श्रेय लेने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। काले कृषि कानून की वापसी पूरी तरह से किसानों की जीत और अंहकार की हार है। जब देशवासी खड़े हो जाते हैं तो सरकार को झुकना ही पड़ता है। सरकार अगर गलत कार्य करती है, गलत कानून लाती है तो उसका विरोध होना चाहिए। मेरे भाई (श्री राहुल गांधी) ने (जनवरी 2021) कहा था कि सरकार को झुकना ही पडेगा, और वो बात आज सच हो गई। किसान की शक्ति देश में सबसे बड़ी शक्ति है। वो (प्रधानमंत्री) अपनी गलती समझ गयें हैं, इसलिए आज यह भाषण दिया। प्रधानमंत्री जी आन्दोलनकारी किसानों और देश के अन्य किसानों में फर्क कर रहें हैं, यह बात गलत है। देश का किसान प्रताड़ित है। कर्ज में डूबा हुआ है। पेट्रोल–डीजल की मंहगाई खासतौर से डीजल की मंहगाई का असर किसान पर ही पड़ता है। खाद मिल नहीं रही है, इस पर ध्यान देना चाहिए। किसान से एक बार भी बात नहीं की, जहां हत्यायें हो रहीं हैं वहां आज तक नहीं गये, आज फिर अचानक क्या हुआ? इसका मतलब चुनाव आ गया है। प्रियंका गांधी जी ने केन्द्रीय मंत्री के इस्तीफे की मांग की। जनपद लखीमपुर के पीड़ितों और देश के अन्य किसानों के लिए प्रधानमंत्री से न्याय की उम्मीद की और काले कृषि कानून की वापसी के लिए जल्द से जल्द अध्यादेश लाने की उम्मीद की। तीनों कृषि कानूनों की वापसी के ऐलान को किसानों के संघर्ष की जीत बताते हुए कांग्रेस ने 20 नवम्बर को पूरे उत्तर प्रदेश में किसान विजय दिवस मनाने का फैसला किया है।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री अजय कुमार लल्लू ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा तीन कठोर कृषि कानूनों को निरस्त करना हमारे किसानों की जीत है, जो कि किसानों द्वारा किये गये विरोध प्रदर्शनों, उनके बलिदानों, कांग्रेस पार्टी और हमारे नेता माननीय श्री राहुल गांधी जी के नेतृत्व में एकजुट विपक्ष के साल भर के अटूट संघर्षों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि बुराई पर यह सामूहिक जीत विनम्रता पूर्वक हमारे देश के सभी अन्नदाताओं का समर्पित है। किसान विरोधी कानूनों के हमारे अन्नदाताओं ने उत्साह पूर्वक विरोध किया, जिसके परिणाम स्वरूप ही सरकार को यह तीन काले कृषि कानूनों को वापस लेने पर मजबूर होना पड़ा। किसानों की इस जीत पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा सम्पूर्ण देश में कल दिनांक 20 नवम्बर 2021 को ''किसान विजय दिवस'' के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि इन कानूनों को निरस्त करने में सराकर ने देरी की उसकी वजह से 700 किसानों को शहीद होना पड़ा। उन्होंनें कहा कि 20 नवम्बर को जिला से लेकर ब्लाक स्तर तक किसान विजय दिवस मनाते हुए कार्यकर्ता शहीद किसानों को श्रद्धाजंलि अर्पित करेंगे और उनके घर जाकर परिवार के लोगों से मुलाकात करेंगे। उन्होंने बताया कि सभी जिला मुख्यालयों पर किसान विजय सभा का आयोजन किया जायेगा और शाम को शहीद किसानों की आत्मा की शांति के लिए कैंडल मार्च निकाला जायेगा। कांग्रेस प्रवक्ता श्री संजय सिंह जी ने बताया कि आज सुबह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की महासचिव और उत्तर प्रदेश कांग्रेस की प्रभारी श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा जी ने अपने लखनऊ सिथत आवास पर एक प्रेस कांफ्रेस को सम्बोधित किया, जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा काले कृषि कानून की वापसी को चुनावी हथकंडा बताया। प्रेसवार्ता के बाद प्रियंका गांधी वाड्रा जी गुरू पर्व के अवसर पर यहियागंज गुरूद्वारे गयीं, और वहां पर उन्होंने मत्था टेका और प्रसाद ग्रहण किया। इअ अवसर पर उन्होंने देश में भाई चारे और देश के विकास के लिए प्रार्थन की। गुरूद्वारे के दर्शन बाद वह माल एवेन्यू स्थित उत्तर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय गयीं जहां उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 श्रीमती इन्दिरा गांधी जी की जयंति के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर श्रद्धाजंलि अर्पित की। तद्पश्चात कार्यालय पर गांधी प्रतिमा पर भी माल्यापर्ण किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष श्री अजय कुमार लल्लू, पूर्व सांसद श्री प्रमोद तिवारी, नेता विधान मंडल दल श्रीमती आराधना मिश्रा ''मोना'', अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सचिव श्री धीरज गुर्जर एवं श्री रोहित चौधरी जी भी श्रीमती प्रियंका गांधी जी के साथ रहे। पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 श्रीमती इन्दिरा गांधी जी की जयंति के अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीड़िया हॉल में एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई, जिसे पूर्व सांसद श्री प्रमोद तिवारी, पूर्व सांसद श्री राजेश मिश्रा, पूर्व विधायक श्री सतीश आजमानी, आदि वरिष्ठ नेताओं ने इन्दिरा गांधी जी की जीवनी पर अपने विचार रखे।

### देव दीपावली के पावन पर्व पर श्री संकट मोचन ट्रस्ट द्वारा 11000 दीपों से सजाया गोपी घाट

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : देव दीपावली के पावन पर्व के अवसर पर गोमती नदी के पावन तट पर स्थित गोपी घाट पर श्री संकट मोचन ट्रस्ट द्वारा गोपी घाट को 11000 दीपों से सजाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गोमती मैया की आरती के साथ शुरू हुआ इस अवसर पर जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा आरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ।इस दौरान बच्चों द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया साथ ही नन्हे–मुन्ने बच्चों द्वारा डांस प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी भाजपा के वरिष्ठ नेता ज्ञान प्रकाश सिंह भी उपस्थित रहे और संस्था और बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

## पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 05 किग्रा0 खाद्यान्न का किया जायेगा वितरण

जौनपुर सू.वि. : जिला पूर्ति अधिकारी संतोष विक्रम शाही ने सर्वसाधारण को अवगत कराया है कि माह नवम्बर 2021 के द्वितीय चक्र के नियमित योजना के खाद्यान्न वितरण के अन्तर्गत 20 नवम्बर 2021 से 30 नवम्बर 2021 के मध्य राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम–2013 के अन्तर्गत आच्छादित अन्त्योदय राशनकार्डों पर 35 किग्रा0 खाद्यान्न (20 किग्रा0 गेहूँ व 15 किग्रा0 चावल) तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 05 किग्रा0 खाद्यान्न (03 किग्रा0 गेहूँ व 02 किग्रा0 चावल) का वितरण किया जायेगा। दोनों प्रकार के राशन कार्डधारकों को देय गेहूँ का मूल्य रू0–02 प्रति किग्रा० तथा चावल का मूल्य रू0–03 प्रति किग्रा0 होगा। उपरोक्त के क्रम में जनपद–जौनपुर के समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता है कि 20 नवम्बर 2021 से 30 नवम्बर 2021 तक आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न वितरण किया जायेगा। उक्त योजना के अन्तर्गत वितरण की अन्तिम तिथि 30 नवम्बर 2021 होगी, जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से (मात्र एक दिन) खाद्यान्न प्राप्त न करने वाले उपभोक्ताओं हेतु मोबाइल ओ0टी0पी0 वेरीफिकेशन के माध्यम वितरण सम्पन्न कराया जायेगा। कोविड–19 से उत्पन्न परिस्थितियों के दृष्टिगत उचित दर विक्रेताओं द्वारा आवश्यक वस्तुओं के खाद्यान्न वितरण का समय प्रातः काल 06:00 बजे से रात्रि 09:00 बजे तक किया जायेगा। जनपद के समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता है कि वे पूर्व में जारी सोशल डिस्टेन्सिंग के निर्देशों का पालन कराते हुए नियमानुसार नियमित खाद्यान्न का वितरण पर्यवेक्षणीय अधिकारियों की उपस्थिति में करना सुनिश्चित करेंगे साथ ही अपनी उचित दर दुकानों पर उक्त योजना के सम्बन्ध में खाद्यान्न वितरण की सूचना चस्पा करेंगे, ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी खाद्यान्न प्राप्त करने से वंचित न रह जाये।

## 21 नवंबर को प्रेस क्लब में पूर्व विधायक कालीचरन सोनकर करेंगे प्रेसवार्ता

आर एल पाण्डेय लखनऊ। सम्यक् मूल मोर्चा के मार्गदर्शन में व आइसबेस (आल इण्डिया सम्यक् बैकवर्ड बुद्धिजीवी इम्पलोईज समिति) के तत्वावधान में बैकवर्ड जन आंदोलन के तहत (OBC] SC/ST] MINORITY ) भूमि अधिकार सम्मेलन 22 नवम्बर 2021 स्थान– रविंद्रालय सभागार, चारबाग, लखनऊ में आयोजित किया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी अभिषेक राज ने बताया कि आइसबेस के प्रदेश अध्यक्ष कालीचरन सोनकर (पूर्व विधायक) दिनांक 21 नवम्बर 2021 समय दोपहर 3 बजे उ०प्र० प्रेस क्लब लखनऊ मे प्रेस वार्ता करेंगे।

# पराली जलाने से पर्यावरण और खेत का हो रहा है भारी नुकसान

जौनपुर। शाहगंज पत्रकार धनंजय विश्वकर्मा : पराली जलाने से पर्यावरण व उर्वरा शक्ति छिड़(काफी नुकसान) होता है, जिसको देखते हुए केंद्र सरकार ने राज्य सरकार को निर्देश जारी किया कि पराली न जलाए जाए, इस पराली को किसानों द्वारा खाद बनाने का प्रयोग करें। पराली जलाने के मामले दिन प्रतिदिन कम नहीं हो रहे हैं।पराली जलाने पर सुप्रीम कोर्ट से लेकर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल तक के हस्तक्षेप कर चुके हैं। लेकिन दशहरे के बाद से धान की कटाई शुरू हो जाने पर धान की



पराली कुछ किसान उसको पशु के चारा के लिए उपयोग में ले लेते हैं और अधिकतम किसान खेत में ही पराली को जला दे रहे हैं। इसमें सरकार की कड़ी कार्यवाही होने के बावजूद भी किसान धड़ल्ले से पराली जला रहा है। पराली जलाने से विभिन्न गैसों का उत्सर्जन होता है। जिसमें मेथेन, कार्बन मोनोऑक्साइड, कार्बन डाइऑक्साइड, पार्टिकुलेट मेटर (जिससे वायुमंडल में कोहरा छा जाता है)। एक टन पराली जलाने पर लगभग 3 किलो पार्टिकुलेटर, 60 किलो कार्बन मोनोऑक्साइड, 1460 किलो कार्बन डाइऑक्साइड, दो किलो सल्फर डाइऑक्साइड, और 199 किलो राख उत्सर्जन होता है। और इन्हीं सर्जनों से विभिन्न प्रकार की गंभीर बीमारियों का उत्सर्जन होता है।जैसे फेफड़े की समस्या, सांस लेने में तकलीफ, कैंसर समेत अन्य बीमारी होता है। और किसान की उर्वरता क्षमता भी बहुत कम हो जाती है पराली जलाने से राख पैदा होता है। और जलाए गए स्थान पर पाई जाने वाली सुक्ष्म जीवों का नाश हो जाता है जिससे फसलों की पैदावार कम हो जाती है और मिट्टी की गुणवत्ता में कमी आ जाती है। पराली जलाने से मुख्य तौर पर हवा प्रदूषित होता है। हवा में उपस्थित धुँए से आंखों में जलन और सांस लेने की दिक्कत होती है। प्रदूषित कणों की वजह से अस्थमा और खांसी जैसी बीमारियों को बढ़ावा मिलता है। इसके अलावा निमोनिया और दिल की बीमारी जैसे रोग भी बढ़ जाते हैं। पराली जलाने का कानून का निर्देश। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल 10 दिसंबर 2015 को फसल अवशेषों पर जलाने का प्रतिबंध लगा दिया था। पराली जलाने पर कानूनी तौर पर कार्रवाई भी की जाती है पराली जलाने के दोषी पाने पर 2500 रुपये का जुर्माना और किसान सम्मान निधि योजनाओं को किसान को वंचित होना पड़ता है अथवा दोनों हो सकता है। राजकीय कृषि बीज भण्डार शाहगंज के प्रभारी आशीष गोस्वामी ने बताया कि पराली जलाने की घटनाओं का सेटेलाइट कैमरे का प्रयोग किया जा रहा है। और प्रत्येक न्याय पंचायत स्तर पर अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है।खेत में पराली जलाते समय पाए जाने पर संबंधित किसानों को 2500 रुपए का आर्थिक जुर्माना तथा हार्वेस्टर मशीन को जप्त करने का प्रावधान है। जो भी हार्वेस्टर मालिक धान की कटाई कर रहे हैं उन्हें भी हिदायत दी जा रही है। कि वह अपनी मशीन पर इस संदेश का प्रयोग करें अन्यथा हलफनामा दे कि किसान द्वारा पराली नहीं जलाई जाएगी। विभाग से दोषियों को सरकार द्वारा मिलने वाली किसानों की सभी सुविधाओं से वंचित होना पड़ सकता है।

# अयोध्या प्रेस क्लब के अध्यक्ष महेन्द्र को नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने किया सम्मानित

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता)मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की नगरी अयोध्या के लोकप्रिय विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने अयोध्या के विभिन्न मंदिरों में पूजन अर्चन कर भारतीय जनता पार्टी के मिशन 2022 का शुभारंभ किया।इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी अयोध्या मंडल के मीडिया प्रभारी के आवास पर क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों एवं पत्रकारों के साथ चाय वार्ता कर अपने कार्यकाल एवं सरकार की उपलब्धियां गिनाकर भविष्य की संकल्पना बताई।इस मौके पर सिद्दार्थ श्रीवास्तव ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा कार्यकर्ताओं के हितों के लिए कार्य करती है एवं सभी माननीय एक नियमित अंतराल पर सभी जन सामान्य देव तुल्य विधानसभा वासियों से मिलकर मिलकर उनकी समस्याओं का समाधान करते हैं , इसी क्रम में आज माननीय विद्यायक जी ने कार्यकर्ताओं के घर घर जाकर मुलाकात कर उनका कुशल क्षेम जानकर योगी के मिशन को साकार करने के लिए दिशा निर्देश प्रदान कर रहे हैं।आज के कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष बालकृष्ण वैश्य, प्रेस क्लब अयोध्या के अध्यक्ष महेंद्र त्रिपाठी युवा मोर्चा अध्यक्ष महानगर रवि शर्मा उम्मीद एक आस के अध्यक्ष एवं महानगर मीडिया प्रभारी युवा मोर्चा आशीष श्रीवास्तव पार्षद प्रतिनिधि अनुसूचित मोर्चा महानगर उपाध्यक्ष अभिषेक सागर पार्षद नंदलाल गुप्ता सोशल मीडिया प्रभारी सौरभ शर्मा पिछड़ा वर्ग मीडिया प्रभारी महेंद्र गुप्ता पत्रकार सूर्यांश मिश्रा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के महानगर सह संयोजक अर्पित श्रीवास्तव हर्षित श्रीवास्तव रौनक श्रीवास्तव अमरजीत ओम प्रकाश पांडे जी आचार्य स्मृति सागर चंद्रमौली पांडे महंत मनीष मिश्रा बाबा अनुराग श्रीवास्तव अनूप श्रीवास्तव सोमिल गुप्ता रंजीत गौतम प्रदीप पांडे आदि मोहल्ले वासी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे युवा समाजसेवी वरिष्ठ पत्रकार इमानदार भाजपा नेता सिद्धार्थ श्रीवास्तव को अयोध्या के लोकप्रिय विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र देकर किया सम्मानित श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति दल के यूपी के प्रदेश मीडिया प्रभारी अजय कुमार मांझी ने पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रेस क्लब अयोध्या के अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार महेंद्र त्रिपाठी को बधाई दिया।

# गुरूनानक देव के प्रकाश पर्व पर हुआ शब्द कीर्तन

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) गुरुनानकपुरा हैदरगंज में गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा द्वारा श्री गुरु नानक देव जी के पावन प्रकाश पर्व पर मनाया गई गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा को नानक पुरा में लगातार 9 नवंबर से 19 नवंबर तक गुरु नानक जयंती के प्रकाश पर्व पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किए गए जिस के क्रम में 9 नवंबर से 18 नवंबर तक प्रभात फेरी का आयोजन किया गया शुक्रवार को गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा गुरुनानक पुरा में शब्द कीर्तन का आयोजन किया गया जिसमें देहरादून से आए रागी जत्थे ने कीर्तन किया शब्द कीर्तन के दौरान बड़ी संख्या में सिख समाज के लोग उपस्थित रहे। इस दौरान गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान जसवीर सिंह सेठी व उप प्रधान प्रतिपाल सिंह गांधी ने कहा कि सिक्खों के प्रथम गुरू रहे गुरू नानक देव जी ने अपने समय में हिंदू और मुसलमानों पर समान रूप से प्रभाव डाला था. सामाजिक और जीवन से संबंधित कुरीतियों को खत्म करने उपदेश देने के साथ उन्होंने ईश्वर प्राप्ति की ऐसी आध्यात्मिक राह दिखाई थी जो आम लोगों के लिए सहज थी जिसमें किसी तरह के कर्मकांड और प्रपंच नहीं थे. गुरु नानक देव जी की जन्मतिथि कार्तिक पूर्णिमा का दिन मानी जाती है जो दिवाली के 15 दिन का बाद आती है. सिख समुदाय के लोग इसी दिन उनका जन्मदिन पूरबपर्व या प्रकाशोत्व के रूप में मनाते हैं । कई विभूतियों का हुआ सम्मान सपा के पूर्व मंत्री तेजनरायन पांडे, समाजसेवी प्रतिपाल सिंह पाली, कम्युनिस्ट पार्टी के नेता सूर्यकांत पांडे, केंद्रीय दुर्गा पूजा रामलीला समन्वय समिति के मनोज जायसवाल, भगवंत सिंह, गुरु चरन सिंह सहित अन्य लोगों को सम्मानित किया गया।

# अनुराग बने सपा युवजन सभा के राष्ट्रीय सचिव

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की मंशा पर समाजवादी पार्टी युवजन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मो.फहद ने लगातार दो बार के प्रधान जिले में समाजवादियों में चर्चित नाम अनुराग सिंह को राष्ट्रीय कमेटी में सचिव पद पर नामित किया है।इस अवसर पर पार्टी व अनुराग सिंह के समर्थकों में काफी उत्साह है अनुराग सिंह ने भी पद से नवाजे जाने के बाद पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का , युवजन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष फहद का और अपने राजनैतिक गुरु पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष छात्रसभा राहुल सिंह का आभार प्रकट करते हुए पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया और कहा है निश्चित ही नौजवान 2022 में अखिलेश जी को यूपी का युवराज बनाकर उत्तर प्रदेश को खुशहाली और उन्नति पर ले जाने का काम करेंगे ।वहीं समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव जी द्वारा पूरे प्रदेश में किसान पटेल नौजवान यात्रा चलाकर जो जनजागरण अभियान चलाया गया आज उसी के दबाव में जुल्मी सरकार को झुकाने के साथ साथ किसानो की खुशी के लिए जीत का काम किया है ऐसे आगे भी समाजवादी पार्टी हमेशा की तरह अखिलेश जी के नेतृत्व के किसानो नौजवानों महिलाओं के हक की लड़ाई लड़ी जाती रहेगी।

## मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 जीएसबी लक्ष्मी द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में पत्रकार बन्धुओं के साथ वार्ता संपन्न

जौनपुर सू.वि. : मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 जीएसबी लक्ष्मी द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में पत्रकार बन्धुओं के साथ प्रेस ब्रीफिंग के दौरान अवगत कराया कि फाइलेरिया एक प्रकार के कृमि परजीवी ॅनबीमतमतपं इंदबतवजिप द्वारा होने वाली बीमारी है। यह मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलता है। यह हाथ–पैर, स्तन या अण्डकोश के सूजन (हाइड्रोसील) आदि के रूप में दिखायी देता है। भारत सरकार के विशेषज्ञों का मानना हैं कि आयु वर्ग के अनुरूप वर्ष में एक बार पांच वर्षो तक फाइलेरिया की दवा (डी0ई0सी0) का सेवन करने से फाइलेरिया रोग नहीं होता है। यह कार्यक्रम जनपद में वर्ष 2004 से चलाया जा रहा हैं। विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी जनपद में 22 नवम्बर 2021 से 07 दिसम्बर 2021 तक मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम (एम0डी0ए0) चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के अन्तर्गत दवा खाली पेट नहीं खाना हैं। 02 वर्ष से कम उम्र के बच्चे, गर्भवती महिलायें एवं अत्यधिक बीमार लोगों को दवा नहीं खाना हैं। कार्यक्रम के अन्तर्गत 01 टीम (दो सदस्यीय) द्वारा प्रतिदिन 125 लाभार्थियों को घर–घर जाकर अपने सामने दवा खिलाया जायेगा। कार्यक्रम सप्ताह के 04 दिनों सोमवार, मंगलवार, बुधवार, बृहस्पतिवार को प्रातः 11 बजे से सायं 04 बजे तक चलेगा एवं छूटे हुए लोगों को दवा खिलाने हेतु मॉप–अप सप्ताह के शेष 02 दिनों में किया जायेगा। डी0ई0सी0 गोली की आयु वर्ग अनुसार निर्धारित मात्रा – 0–5 के आयु वर्ग के लिए डी0ई0सी0 खुराक 100 मि0ग्रा0, गोलियों की मात्रा 1 गोली, एलबेन्डाजाल (400मि0ग्रा0) 1 गोली, 5–15 वर्ष के आयु वर्ग के व्यक्तियों को डी0ई0सी0 खुराक 200 मि0ग्रा0, गोलियों की मात्रा 2 गोली, एलबेन्डाजाल (400मि0ग्रा0) 1 गोली, 15 एवं अधिक वर्ग के व्यक्तियों को डी0ई0सी0 खुराक 300 मि0ग्रा0, गोलियों की मात्रा 3 गोली, एलबेन्डाजाल (400मि0ग्रा0) 1 गोली दी जायेगी। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु जनपद स्तरीय समन्वय समिति की दो बैठकें 27 अक्टूबर 2021 एवं 18 नवम्बर 2021 को तथा जनपद स्तरीय प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण 22 अक्टूबर 2021 एवं 23 अक्टूबर 2021, को सम्पन्न किया जा चुका है। 18 नवम्बर 2021 तक सभी ब्लाकों पर माइक्रोप्लानिंग, ड्रग एडमिनिस्ट्रेटरों का प्रशिक्षण एवं फेमिली रजिस्टर पर सर्वे कराया जा चुका है। अभियान के सफल संचालन हेतु कुल 3840 टीमें (दो सदस्यीय टीम) तथा 640 पर्यवेक्षक लगाये गये हैं, जो जनपद के लक्षित 4800000 लोगों को घर–घर जाकर अपने सामने दवा खिलायेंगे। राज्य मुख्यालय से प्राप्त एवं पूर्व में अवशेष इस कार्यक्रम हेतु 12577350 डी0ई0सी0 तथा 5030940 एल्बेंडाजॉल गोली उपलब्ध है। फेमिली रजिस्टर में आशा द्वारा लिंफोडीमा एवं हाइड्रोसील के रोगियों का सर्वे कराया जा रहा है। कार्यक्रम के उपरान्त कैम्प लगाकर लिंफोडीमा (हाथ पैर में सूजन) रोगियों का मार्बिडिटी मैनेजमेंट, वाशिंग ड्राइंग तथा हाइड्रोसील के रोगियों का निःशुल्क ऑपरेशन कराया जायेगा। 22 नवम्बर 2021 को पूर्वाह्न 11 बजे माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी, उ0प्र0 सरकार द्वारा कार्यक्रम का वर्चुअल उद्घाटन किया जायेगा। कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण – लक्षित जनसंख्या 480000, कुल कार्यदिवस 38400, दवा टीमों की संख्या 3840, पर्यवेक्षकों की संख्या 640 है। उक्त अवसर पर जिला मलेरिया अधिकारी ने अवगत कराया है कि वर्तमान समय मच्छरजनित बीमारियों यथा डेंगू, मलेरिया, फाइलेरिया, जे0ई0 इत्यादि एवं जलजनित बीमारियों जैसे गैस्ट्रो, पीलिया, टाइफाइड, स्क्रब टाइफस के संचरण का अनुकूल वातावरणीय समय है। बीमारी के प्रसार से पूर्व अवश्यक है कि उससे सम्बन्धित गतिविधियॉ सम्पन्न करायी जा रही है। उन्होंने अवगत कराया है कि बीमारी को सीमित करने के लिए कार्य किया जा रहा है। डेंगू नियन्त्रण हेतु तैयारी/कार्यवाही की जा रही है जनपद जौनपुर में रोगों का विवरण– डेंगू 156, मलेरिया 10, स्क्रब टाइफस 08, फाइलेरिया 02 है। उन्होंने बताया कि अबतक कुल 310 डेंगू संभावित रोगियों (एनएस1 प्लस वीई) का सैम्पल डेंगू की पुष्टि हेतु बी0एच0यू0 भेजा जा चुका है, जिसमें से 299 सैम्पल का परिणाम प्राप्त हो गया है। जनपद में अबतक कुल 156 डेंगू के पुष्ट रोगी चिन्हित हुए हैं। बीमारी के रोकथाम हेतु ग्रामीण स्तर पर पंचायतीराज विभाग द्वारा एवं नगरीय क्षेत्र में नगरपालिकाओं के माध्यम से फागिंग, लार्वीसाइडल स्प्रे नियमित रूप से कराया जा रहा है। जौनपुर अर्बन क्षेत्र में कुल 10 डोमेस्टिक ब्रीडिंग चेकर्स के माध्यम से मच्छरों के प्रजनन स्रोतों का विनष्टीकरण कराया जा रहा है।

## महिला शक्ति केंद्र द्वारा स्वच्छता पखवाड़े काशीराम आवास ब्लॉक सिद्दीकपुर करंजाकला में मनाया गया

जौनपुर सू.वि. : महिला शक्ति केंद्र द्वारा स्वच्छता पखवाड़े काशीराम आवास ब्लॉक सिद्दीकपुर करंजाकला में मनाया गया। जिसमें महिला शक्ति केंद्र की टीम द्वारा यह बताया गया कि कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता, शारीरिक दूरी, और मास्क के उपयोग के प्रति जागरूक करना था, जिससे कोविड–19 महामारी से बचा जा सके।इस कार्यक्रम मे काशीराम आवास परिसर में रह रहे लोगो को फेस मास्क, हैंड सैनिटाइजर और गलब्स दिए गए साथ ही बताया गया कि कोविड महामारी से बचने के लिए सफाई का अत्यधिक महत्व है और इसे जीवन में अपनाना अनिवार्य है। प्लास्टिक के दुष्परिणाम के बारे में जागरुक करते हुए यह कहा गया कि इसका प्रयोग कम से कम किया जाये जिससे पर्यावरण को प्रदूर्षण मुक्त रखा जा सके। स्वच्छता और सफाई जीवन के लिये अति महत्वपूर्ण है अतः आवास परिसर में सूखे और गीले अपशिष्टों को पृथक रखा जाये, जिससे स्वच्छता बनी रहे।

# तानाशाही रवैया अपनाने वाली मोदी सरकार ने अपनी गलती आखिरकार किया स्वीकार – सत्यभान सिंह

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)भारत की जनवादी नौजवान सभा के प्रदेश महासचिव कामरेड सत्यभान सिंह जनवादी किसानों के आंदोलन के साल भर होने से ठीक 6 दिन पहले देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीनों कृषि काले कानून वापस लेने की घोषणा करने से आज यह साबित हो गया कि किसानों की मांग एकदम सही और जायज है।आज वही इस समय तानाशाही रवैया अपनाने वाली मोदी सरकार ने अपनी गलती स्वीकार कर यह साबित कर दिया कि देश के किसानों की मांग सही है।एक खास मुलाकात में उन्होंने कहा कि आज हम सब की खुशी का ठिकाना नही है।हमारे अन्नदाता किसानों के संघर्ष के और 703 अन्नदाताओं की शहादत के कारण यह जीत हुई है।वही इसी कडीध में भारत की जनवादी नौजवान सभा उत्तर प्रदेश राज्यकमेटी सभी शहीद किसानों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता है।इस मौके पर उन्होंने कहा कि सरकार अपनी अड़ियल रवैये के चलते साल भर किसानों को सड़कों रहने के लिए मजबूर कर दिया है।शहीद हुए किसानों के लिए एक शब्द न बोलने वाले प्रधानमंत्री जी का आज गरूर आखिर किसानों के संयुक्त आंदोलन से टूट गया।आजाद भारत मे इतनी बेरहम कोई सरकार नही रही और न भविष्य में बनने की कोई संभावना है।2014 से आम जनता से झूठ बोलकर गुमराह करने वाली वर्तमान



सरकार को किसानों के आंदोलन उनकी औकात दिखा दिया।आज जो हमारे किसान शहीद हुए है उनकी शहादत का जबाब सरकार को देना होगा।अभी लड़ाई बांकी है,किसानों को खालिस्तानी,नकली किसान,हुडंगी,दंगाई कहने वालों के मुँहपर तमाचा है।आज जो किसान अपने हक वो अधिकार के लड़ रहा है उसको पता है सरकार ने तीन जो कानून लाकर किसानों के ऊपर थोप रहा है वह किसानों के हित में नही केवल पूंजीपतियों वे लिए था,आज हम देश के सभी सम्मानित किसानों को ,आंदोनकरिओं को हम बधाई देते है और आने वाले समय मे इस किसान,युवा,मजदूर,महिला विरोधी सरकार को उखाड़ फेकेंगे।

# हताशा और अहम की राजनीति की भेंट चढ़े किसान और कृषि

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)भारत में सीएए हो या किसान आंदोलन दोनो ही लगातार दो लोकसभा चुनाव हार चुकी कोंग्रेस पार्टी की हार की हताशा का परिणाम थे।अगर देखा जाने तो पहले में मुसलमान हथियार बने तो दूसरे में जाट( सिख व हिंदू) किसान।वही सूत्र के मुताबिक सन 2019 के लोकसभा चुनावों से पूर्व भी महिलाओं के यौन उत्पीड़न के मुद्दे पर भी कोंग्रेस पार्टी ने ऐसे ही आंदोलन खड़ा करने का असफल प्रयास किया था।तो असली मुद्दा है सोनिया गांधी की कोंग्रेस द्वारा भाजपा सरकार को अस्थिर कर "येन केन प्रकरेण" सत्ता में आना, चाहे इसके लिए देश को कोई भी कीमत क्यों न चुकानी पड़े।जबकि मोदी सरकार द्वारा यकायक तीनो कृषि कधनूनों के वापस ले लेने के कारण कांग्रेस पार्टी सहित विपक्ष का पिछले ढाई सालों से चल रहा पहले सीएए और फिर किसान आंदोलन के नाम पर अराजकता व विध्वंश का तांडव यकायक एक झटके में रुक सा गया है और टूटकर बिखर गया है और आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा को हराकर सत्ता में आने का भी सपना चूर चूर हो गया।किंतु वे मानेंगे नहीं और अगले कुछ महीनो में फिर किसी एक मुद्दे को विवादित बनाकर देश को फिर अराजकता की भट्टी में झोंकने की कोशिश करेंगे ही।उनका साथ देने के लिए कट्टरपंथी मुस्लिम, सिख व ईसाइयों के साथ आंदोलनजीवी एनजीओ गैंग व नक्सली नेताओ की फौज के साथ साथ चीन व पाक का समर्थन है ही। सच तो यह है कि यह अल्पसंख्यकवाद बनाम बहुसंख्यकवाद व सेकूलरपंथी बनाम सनातनपंथी की लड़ाई है जिसमें सनातनपंथी बहुसंख्यकों ने खघसी बढ़त बना ली है और सेकूलरपंथी अल्पसंख्यक अराजक आंदोलन की आड़ में मात्र खीज ही निकाल पा रहे हैं। विपक्ष आज भी नेतृत्व विहीन है और मुद्दे विहीन भी और उसको इस सच्चाई को समझना पड़ेगा।उसको अंततः बहुसंख्यको के हितों के प्रति संवेदनशील होना पड़ेगा और " बाँटो व राज करो" की नीति छोड़नी होगी अन्यथा उसके लिए केंद्र की सत्ता वापसी नामुमकिन ही रहेगी।यह अप्रत्याशित उलटबाँसी मोदी सरकार की कार्यशैली पर भी एक बड़ा प्रश्नचिन्ह है।समय, काल, परिस्थितियों व परिणामों का गहराई से अध्ययन किए बिना किसी भी नीतिगत निर्णय को यकायक देश की जनता पर थोप देने की मोदी सरकार की कार्यशैली विवादों में है।वो चाहे नोटबंदी हो, जीएसटी हो, सीएए हो या फिर लॉकडाउन मोदी यकायक क्रांतिकारी फैसले देश की जनता पर थोप देते हैं और जनता हतप्रभ, हैरान व परेशान हो जाती है।अपनी लगातार जीत और लोकप्रियता की आड़ में उन्मादित होकर मनमाने कदम उठाने के कारण मोदी के प्रबल समर्थक भी उनसे विचलित होने लगे हैं। देश में कोरोना व लॉकडाउन के कारण आयी अराजकता,मौतों, महंगाई, बेरोजगारी व जीवन संघर्ष से आमजन वैसे ही परेशान है उस पर आंदोलन से उपजी अतिशय परेशनियाँ और नुकसान। सरकार के पास आश्वासनों व मुफ्त अनाज के अलावा इन समस्याओं का कोई समाधान न होने के कारण जनता दुःखी व नाराज है । मोदी के अपने हिंदुत्ववादी समर्थक व अंधभक्त भी बार बार हिंदुत्व के मुद्दों से भटकने व सनातन संस्कृति व धर्म का मात्र चुनाव जीतने के लिए इस्तेमाल करने से भी निराश हैं। बे नहीं समझ पा रहे कि क्यों भारत में अश्लीलता, ड्रग्स, पोर्न, समलेंगिकता, यौन उत्पीड़न , बाजारवाद व पश्चिम का अंधानुकरण बढ़ता जा रहा है और चाह कर भी योग, आयुर्वेद, गाय, गंगा, ग्राम, मंदिर व गायत्री का महत्व स्थापित नहीं हो पा रहा।मोदी –शाह के अलावा भाजपा के अन्य लोकप्रिय नेताओ को व एनडीए के सहयोगी दलों को एक एक कर दरकिनार करना भी मोदी सरकार को भारी पड़ने लगा है।इस सभी का मिला जुला प्रभाव ही है जिस कारण मोदी व भाजपा की लोकप्रियता बिखरने लगी और अपने आंतरिक सर्वे में इन सच्चाई को जान– समझ कर मोदी सरकार को अपने कदम वापस खींचने पड़े। उम्मीद है मोदी सरकार इस सबसे सबकध लेगी।यह बात कृषि सुधार की तो वर्तमान कृषि पद्धति से किसी का भला नहीं होने वाला।न किसान का , न जनता का और न ही सरकार का। "जैविक कृषि"और "शून्य लागत कृषि" ही वर्तमान कृषि, स्वास्थ्य व जलवायु परिवर्तन की समस्याओं का इलाज है। जनता व विशेषज्ञ इस बात को बहुत पहले से जान समझ चुकी हैं, मोदी जी ने अपने राष्ट्र के नाम संबोधन में इसको मान लिया है और अब बस विपक्ष व उनके पिट्ठू तथाकथित किसान नेताओ को और मानना है।फिलहाल तो देश के किसान और कृषि दोनो का भविष्य अधर में लटक गया है तो बाकी जनता कौन सी सुखी रहने वाली है।

# आजादी के 75वें वर्ष के उपलक्ष पर रुदौली में अमृत महोत्सव प्रारंभ हुआ

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता अयोध्या) आजादी के 75वें वर्ष के उपलक्ष पर रुदौली में अमृत महोत्सव प्रारंभ हुआ । पहले दिन के कार्यक्रम में भारत माता पूजन एवम महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती के उपलक्ष्य में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।अमृत महोत्सव समिति रुदौली के संयोजक राजकमल गुप्ता एवम सहसंयोजक श्रीकांत मिश्रा के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सभी अनुषांगिक संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद , विद्याभारती , विश्व हिंदू परिषद , भारतीय जनता पार्टी , भारतीय जनता युवा मोर्चा एवम अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एवम अन्य सामाजिक संगठनों के द्वारा मिलकर एक भव्य तिरंगा यात्रा नगर के भैरोधाम स्थित रामलीला मैदान से नगर के विभिन्न मोहल्लों (नवाबबाजार , कटरा , टेढ़ीबाजार , खतराना , कोठी) से होते हुए राजकीय बालिका इंटर कालेज रुदौली में समाप्त हुई । नगर में विभिन्न जगहों पर आमजन द्वारा पुष्प वर्षा व आरती कर स्वागत किया गया।अमृत महोत्सव के उदघाटन सत्र का शुभारंभ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अवध प्रांत के प्रांत मंत्री अंकित शुक्ला , अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष प्रकाश चंद्र अग्रवाल , कार्यक्रम संयोजक राजकमल यज्ञसैनी , राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर संघचालक भीष्म नारायण गुप्ता व राजकीय बालिका इंटर कालेज रुदौली की प्रधानाचार्या आफरीन फातिमा ने भारत माता वा रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।अमृत महोत्सव के उदघाटन सत्र में मुख्य वक्ता अभाविप अवध प्रांत के प्रांत मंत्री अंकित शुक्ला ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता के 75वें वर्ष के उपलक्ष्य पर आज महारानी लक्ष्मीबाई जयंती , गुरुनानक जी के प्रकाश पर्व पर आज पूरे देश में एक साथ ही इस महोत्सव का शुभारंभ हुआ है।आज हम उन अमर वीर बलिदानियों को याद करेंगे जो वामपंथियों की वजह से इतिहास के पन्नों में कही गुमनामी में खो गए आज का दिन उन अमर शहीदों के नाम समर्पित है । आज से यह कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ है आज से यह प्रतिदिन एक माह तक अनवरत विभिन्न कार्यक्रमों के रूप में चलता रहेगा।जिसका समापन 16 दिसंबर को विजय पर्व के रूप में होगा । राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्राचार्या आफरीन फातिमा ने कहा कि सच्चे मायनों में यह आजादी तभी सार्थक होगी जब सभी युवा वर्ग एवम आने वाली पीढ़ियों को अपने अमर बलिदानियों के बारे में पूर्ण ज्ञान होगा । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष प्रकाश चंद्र अग्रवाल ने सभी का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त करते हुए उदघाटन सत्र के समापन की घोषणा की।इस कार्यक्रम का संचालन आरएसएस नगर कार्यवाह उदयराज राजपूत ने किया। कार्यक्रम में सत्यनामी एजुकेशनल सोसायटी के सभी बच्चे , समस्त स्टाफ , प्रधानाचार्य व प्रबंधक पूजा राजपूत , आरएसएस जिला सह संपर्कप्रमुख बृजेश वैश्य , विधायक प्रतिनिधि राजकिशोर सिंह , सिद्धमान सिंह , शिवराम यज्ञसैनी , शेखर गुप्ता , विनय गुप्ता , श्याम जी वैश्य , नीलेश अग्रवाल , ऋषभ गुप्ता , अशोक कसौंधन , शिवम गुप्ता , वाचस्पति , मनीष मिश्र , संदीप नवीन शुक्ला व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# कुमारगंज कृषि विश्वविद्यालय के 29 छात्रों को मिला रोजगार – कुलपति

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज, अयोध्या में डायरेक्टरेट आफ प्लेसमेंट, ने उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना के अंतर्गत रोजगार के लिए 30.9.2021 को साक्षात्कार एवं परीक्षा कराया गया था।इस कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह के निर्देशन एवं कुशल नेतृत्व में किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय, उद्यान महाविद्यालय, पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय के कुल 81 परास्नातक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।वही साक्षात्कार श्रीमती अनीता यादव, मुख्य विकास अधिकारी, अयोध्या एवं प्रदीप कुमार, संयुक्त मिशन निदेशक, श्री निशिकांत दीक्षित, लीड (लाइव हुड ) लखनऊ, श्रीमती बीना माथुर, एस एम एम(एचआर) लखनऊ द्वारा साक्षात्कार संपन्न कराया गया था, जिसमें 81 छात्र छात्राओं में 29 छात्र–छात्राओं का चयनित किए गए।पूरे प्रदेश में इस पद के लिए 56 रिक्तियां थी, जिसकी नियुक्ति के लिए उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों में साक्षात्कार आयोजन किया गया था, जिस कुल 56 रिक्तियों में आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के 29 छात्र छात्राओं का चयन हुआ,जो विश्वविद्यालय में उच्च गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान किए जाने का ही परिणाम है।कुमारगंज कृषि विश्वविद्यालय के सेवा आयोजन निदेशक डॉ डी नियोगी ने बताया कि कुलपति द्वारा छात्रों को समय से उपाधि पूर्ण करने के बाद रोजगार दिलाने के लिए किए गए वादे के क्रम में निरंतर कैंपस साक्षात्कार आयोजित किया जा रहा है, जिससे छात्रों में हर्ष एवं उल्लास का माहौल है। डॉ नियोगी ने यह भी बताया कि अभी कुछ दिन पहले ही विश्वविद्यालय से उपाधि प्राप्त करने वाले 15 छात्रों को प्लेसमेंट सेल द्वारा जेनेवा क्रॉप साइंस प्राइवेट लिमिटेड में चयन हुआ था।उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के साक्षात्कार कार्यक्रम के प्रारंभ में निदेशक सेवा आयोजन डॉ डी नियोगी द्वारा विश्वविद्यालय के कुलपति एवं उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अधिकारियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।इस कार्यक्रम का संचालन सह निदेशक डॉ सत्यव्रत सिंह के द्वारा किया गया, इस कार्यक्रम में अधिष्ठाता पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय डॉ आर के जोशी, निदेशक प्रशासन व परीक्षण, डॉ ए के सिंह अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ एस पी सिंह, डॉ संजय पाठक, डॉ जसवंत सिंह, डॉ रूमा देवी,डॉ उलमन यश्मिता नितिन, पंकज कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ सिंह ने चयनित छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सदैव परिश्रम एवं निष्ठा पूर्वक कार्य करने का आह्वान किया तथा कहा कि भविष्य में भी विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं के प्लेसमेंट हेतु निरंतर इसी प्रकार साक्षात्कार आयोजित कर छात्र– छात्राओं को विश्वविद्यालय रोजगार का अवसर प्रदान करता रहेगा।

# पहली बार झुके मोदी, सियासी स्ट्रोक या फिर बैकफुट,असल में जीत तो किसानों की

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) पूरी दुनिया को झुकाने की ताकत रखने वाले, दुनिया के सर्वमान्य नेता बन चुके पीएम नरेंद्र मोदी को किसानों ने झुका दिया।वही किसानों की मेहनत रंग लाई। भले ही भाजपाई इसको सियासी तौर पर मास्टर स्ट्रोक के रूप में पेश करे लेकिन यह स्ट्रोक विपक्ष को जरूर एक मजबूत हथियार दे गया है। विपक्ष इसे सरकार का बैकफुट मानेगा। किसान आंदोलन को लेकर जब विपक्ष किसानों के साथ आया, तब सत्ता पक्ष ने विपक्ष को क्या नहीं कहा, किसानों को क्या क्या नहीं सुनना पड़ा। कही अराजकता हुई तो कही आंदोलन कारी किसान आंदोलन की भेंट चढ़े, इन सबके बीच किसान डटा रहा। जय जवान जय किसान के नारे को चरितार्थ करते हुए देश का अन्नदाता ने बता दिया कि अगर मांग आपकी सही है, तो आप दुनिया के शक्तिशाली नेता व सरकार को झुकने के लिए मजबूर कर सकते हैं। जिन कृषि कानूनों के लाभ बताते भाजपा के सांसद व विधायक थकते नहीं थे, वह अब क्या जबाब देंगे। अब तो किसान कहेगा कि आप गलत थे, इसलिए कानून को वापस लिए। कानून किसानों के पक्षधर नहीं थे। वैसे सात वर्षों में पीएम के तौर पर मोदी का यह पहला बड़ा बैकफुट है। इसके पीछे किसानों की बड़ी आबादी वाले पंजाब व उत्तरप्रदेश सहित पांच राज्यों में आगामी चुनाव है। यह स्ट्रोक खेल कर किसानों को बीजेपी कितना रिझा पाएगी, यह भविष्ट के गर्भ में है और पांच राज्यों का चुनाव परिणाम फैसले के सही गलत का उत्तर देगा।

# कोविड–19 टीकाकरण से ही परिवार को बना सकते हैं सुरक्षित– सीएमओ

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) कोरोना का संक्रमण पहले से तो कम हो गया है, इसका यह मतलब यह नहीं है कि कोरोना खत्म हो गया है और हम लापरवाह हो जाएँ । हमें अब और एहतियात बरतने की बहुत जरूरत है। मास्क लगाने के साथ ही कोविड से बचाव के अन्य प्रोटोकॉल का आवश्य पालन करना बहुत जरूरी है।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय राजा के नेतृत्व में स्वास्थ्य अधिकारियों की टीम के द्वारा ब्लाको में भ्रमण किया गया द्य कोविड–19 वैक्सीनेशन को लेकर लोगों को जागरूक किया गया साथ ही साथ अपने नजदीकी सेंटर पर जाकर टीका अवश्य लगाएं इसके लिए उन्हें प्रेरित किया।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय राजा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तारुन पर टीकाकरण एवम नेतवारी और दादूपुर में कोविड वैक्सीनेशन सेंटर का भ्रमण किया तथा लोगों को जागरूक किया , कोविड–19 टीकाकरण को लेकर द्य सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तारुन में कोविड वैक्सीनेशन के रखरखाव को लेकर निरीक्षण किया वहां के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वैक्सीनेशन को लेकर अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करें एवं टीकाकरण करवाएं।इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी का कहना है कि कोरोना से घबराने के बजाए सतर्क रहने की जरूरत है। कोरोना रोधी टीका जिनको नही लगा है वह टीका अवश्य लगवांए । कोविड–19 के प्रोटोकाल का पालन करें।मास्क लगाए और दो गज की उचित दूरी बनाएं रखे । उन्होंने बताया कोरोना टीकाकरण से बचाव का सबसे महत्वपूर्ण हथियार टीकाकरण ही है । लोगों को निःसंकोच होकर टीका लगवाना चाहिए। सीएमओ बताते हैं–कोरोना पर हम टीकाकरण के द्वारा ही लड़ाई जीती जा सकती हैं । इसको लेकर जो भी अफवाहे हैं वह सब गलत हैं। टीका लगने के बाद हल्का बुखार आना, टीका लगने के स्थान पर दर्द होना यह आम बात है। जो अपने आप ही एक दो दिन में ठीक हो जाता है। इसलिए इससे घबराने की जरूरत नहीं है।प्रत्येक लोगो को जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाते हुए स्वयं आगे आकर टीका लगवाना चाहिए और अपने परिवार व आस–पास के लोगों को टीका लगवाने के लिए प्रेरित करना चाहिये।टीके की दोनों डोज लेना नितांत आवश्यक है। एक टीका लगने के बाद में यह न समझें कि टीकाकरण की प्रक्रिया पूरी हो गयी है। उन्होंने बताया कि जनपद में अभी तक 71 प्रतिशत से ज्यादा लोगो को टीके की प्रथम डोज लगाया जा चुका है । जनपद स्तरीय स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा टीकाकरण की गति और तेज करने के लिए भ्रमण किया गया।मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अपील की कि ऐसे प्रत्येक 18 वर्ष एवम उससे ऊपर के सभी लोग अपने नजदीकी टीकाकरण केंद्र पर जाकर कोविड का टीका अवश्य लगवा लें क्योंकि आम जन के साथ साथ उनके परिवार के बच्चों को भी इस महामारी से बचाव में भी लाभकारी होगा।

# पीठाधीश्वर 'ब्रह्म सत्यं जगत मिथ्या' कथन आद्यगुरु शंकराचार्य का वचन नहीं : अयोध्या को बताया विश्व की प्रथम राजधानी

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) पुरी पीठाधीश्वर श्रीमदजगदगुरु शंकराचार्य पूज्यपाद स्वामी निश्चलानंद सरस्वती जी महाराज ने ब्रह्म सत्यं जगत मिथ्या कथन को लेकर चले आ रहे एक भ्रम को खत्म करने का प्रयास किया है।अयोध्या पुरी में पहुंचकर पुरी पीठाधीश्वर ने कहा कि आद्य शंकराचार्य ने कभी यह नहीं कहा कि ब्रह्म सत्यं जगत मिथ्या है। जगन्नाथ पुरी के पीठाधीश्वर श्रीमद जगद्गुरु शंकराचार्य पूज्य पाद स्वामी निश्चलानंद सरस्वती जी महाराज कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर अयोध्या पधारे हैं। पूर्व आईएस कैप्टन एसके द्विवेदी चंद्रिका प्रसाद तिवारी ब्रह्म सागर संगठन के पदाधिकारियों और अयोध्या के एसडीएम व सीओ सिटी ने जगतगुरु शंकराचार्य का रेलवे स्टेशन पर स्वागत अभिनंदन किया है। रेलवे स्टेशन पर पुरी पीठाधीश्वर का स्वागत करने पहुंचे आयोजन समिति के सदस्य अयोध्या में होने जा रहे सनातन धर्म सम्मेलन में शामिल होने के लिए यहां पहुंचे जगतगुरु शंकराचार्य जी महाराज ने श्री संकटमोचक हनुमान मन्दिर प्रांगण में प्रश्नोत्तर माला में जिज्ञासुओं के प्रश्नों के उत्तर देते हुए कहा कि दर्शन, विज्ञान और अध्यात्म में सामंजस्य रखने वाले धर्मगुरु ही सनातन धर्म व देवसंस्कृति का कल्याण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीरामनगरी अयोध्या या इस विश्व में मानव निर्मित प्रथम राजधानी है।उन्होंने कहा कि अयोध्या पहुंचने वाले लोग बड़े सौभाग्यशाली होते हैं। रेलवे स्टेशन पर पुरी पीठाधीश्वर का स्वागत पूर्व आईएएस कैप्टन एसके द्विवेदी ने किया। श्री शंकराचार्य ने हिन्दू शब्द को शास्त्रसम्मत बताया और कहा कि भावी समय हिन्दू संस्कृति का है, सनातन संस्कृति का है। श्रीमज्जगदगुरु शंकराचार्य ने कहा कि भारतीय संस्कृति में वे सभी तत्व विद्यमान हैं जो मानव समाज के लौकिक और पारलौकिक सभी प्रकार का उत्कर्ष करने में सक्षम हैं। एक प्रश्न के उत्तर में शंकराचार्य जी महाराज ने कहा कि ब्रह्म सत्यं जगत मिथ्या' कथन आद्यगुरु शंकराचार्य का वचन नहीं है, उसे उन्होंने किसी उद्बोधन के दौरान विषय पर चर्चा करते हुये उद्धृत किया था। उन्होंने महामंत्र गायत्री सम्बन्धी सवालों के उत्तर भी दिये।पुरी पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य से आईजी के पी सिंह और एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय मिलने गये।इस मौके पर जगद्गुरु शंकराचार्य ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि हिन्दू संस्कृति सनातन संस्कृति है जो कभी नष्ट नहीं हो सकती। दुनिया के अनेक धर्म संप्रदाय और संस्कृतियां पनपे और नष्ट हो गए, हिन्दू संस्कृति प्राकृतिक नियमों से संबद्ध है और अनेक उतार चढावों के बावजूद हिंदुत्व बना रहेगा, निरंतर बढ़ेगा और अपने चरम पर पहुंचेगा। पुरी शंकराचार्य महाराज से मिलने पहुंचने वाले गणमान्य व्यक्तियों में पुलिस महानिरीक्षक कवीन्द्र प्रताप सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय भी शामिल रहे।

## कमिश्नर,डीएम व अन्य अफसरो ने कार्तिक पूर्णिमा स्नान तथा गुरु नानक जयंती पर्व पर दी बधाई

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता अयोध्या) मण्डलायुक्त अयोध्या एमपी अग्रवाल, पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या परिक्षेत्र के0पी0 सिंह, जिलाधिकारी नितीश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय, नगर आयुक्त विशाल सिंह ने पूरे प्रदेश, मंडलवासियो, जनपदवासियों, श्रद्धालुओं, साधु–संतों को कार्तिक पूर्णिमा स्नान तथा गुरु नानक जयंती की हार्दिक बधाई दी है तथा ड्यूटी में लगाए गए अधिकारियों तथा कर्मचारियों के सहयोग की सराहना की है। इस अवसर पर उपनिदेशक सूचना डा0 मुरली धर सिंह ने कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर्व तथा गुरु नानक जयंती पर सभी अधिकारियो, पत्रकारों/मीडिया बंधुओं, जनपदवासियों को हार्दिक बधाई देते हुए सभी श्रद्धालुओं, साधु–संतों के प्रति आभार जताया।

## महंगाई को लेकर कांग्रेस की पद यात्रा जारी

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता अयोध्या) जिले में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को पीसीसी सदस्य दयानन्द शुक्ला के नेतृत्व में पद यात्रा निकली।सूत्र के मुताबिक यह पद यात्रा शुजागंज बाजार से शुरू हुई।यह पदयात्रा मिली जानकारी के मुताबिक हलीम नगर मानपुर, विचाला, रसूलपुर, जैथरी, बरई होते हुए पस्ता पहुंच कर एक सभा मे तब्दील हो गयी।यात्रा के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता बढ़ती हुई महंगाई को लेकर सरकार विरोधी नारा लगा रहे थे। इस मौके पर कांग्रेस नेता दयानन्द शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने जनहित में प्रतिज्ञा ली है कि कांग्रेस की सरकार बनने पर किसानों का कर्ज माफ कर दिया जायेगा।गेहूं तथा धान का समर्थन मूल्य 25 सौ रुपये प्रति कुंतल कर दिया जायेगा।गन्ना का मूल्य चार सौ रुपये प्रति कुन्तल कर दिया जायेगा। दस लाख रुपये तक मुफ्त इलाज की सुविधा दी जायेगी,बिजली का बिल हाफ कर दिया जायेगा।जिला महासचिव विजय पाण्डेय ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा के शासन काल मे महंगाई से जनता कराह रही है लेकिन भाजपा सरकार महंगाई पर नियंत्रण नही कर पा रही है।उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं से भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया।यात्रा में वरिष्ठ कांग्रेसी अफसर रजा रिजवी,युवा कांग्रेस के पूर्व लोकसभा अध्यक्ष रणजीत सिंह,माताबख्श सिंह,सती प्रसाद,माया राम रावत,बातू पाण्डेय,राम राज,मो0 नदीम,कपिल शुक्ला,गौरव शुक्ला,ग्राम प्रधान राजकुमार सिंह,अमरनाथ यादव,लवकुश मिश्रा,हरिप्रसाद वर्मा आदि लोग शामिल थे।

# शंकराचार्य की अगुवाई में लिखी जाएगी सनातन धर्म की नयी इबारत

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता अयोध्या) भगवान राम की धरती अयोध्या में एक आपसी एकता का नया इतिहास लिखा जाएगा।जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्च्छलानन्द सरस्वती के मार्ग–दर्शन में यूपी सहित देश के विभिन्न राज्यों से आने वाले ब्रहमण और सनातन धर्मी संगठन एक मंच पर आकर अपनी ताकत की आवाज को बुलंद करेगे।यह पहला मौका है जब शंकराचार्य की अगुवाई में ब्रहमण तथा सनातन धर्म से जुटे संगटन एकजुट हो रहे है।अभी तक इस तरह के संगठन अलग–अलग बिखरे हुये थे।वही ब्रह्म सागर संगठन द्वारा आयोजित सनातन धर्मियों के महासगम में हिस्सा लेने जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्च्छलानन्द सरस्वती शुक्रवार को अपने अनुवाईयों के साथ अयोध्या आ चुके है।वह यहां तीन दिन प्रवास करके सनातन मिशन को नयी दिशा और धार देगे। यूपी के अलावा राजस्थान मध्य प्रदेश बिहार दिल्ली महाराष्ट्रा उडीसा गुजरात पश्चिम बंगल तथा उत्तरांचल सहित अनेक राज्यों के सनातन धर्मी संगठन के प्रतिनिधि शुक्रवार की देर शाम तक अयोध्या आ चुके थे। ब्रह्म सागर संगठन के अध्यक्ष कैप्टश्र एस के द्विदी ने बताया कि मुख्य आयोजन श्रीरामकथा पार्क में कल 20 नवम्बर को रखा गया है।इसके लिये सरयू तट पर स्थित रामकथा पार्क को भव्य रूप से सजाया गया है।उन्होने बताया कि कल सुबह 10 बजे कार्यक्रम के पहले चरण में ज्योतिष शोध संस्थान, सप्त सरोवर कालोनी से श्री राम कथा पार्क तक चरण–पादुका शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद सुबह 11 बजे आगमन अनंत्श्रीविभूषित श्रीगोवर्धनमठ पुरीपीठाधीश्वर श्रीमज्जगद्गुरु पुरीशङ्कराचार्य का माल्यार्पण, पूजन–वंदन होगा।श्री दिवेदी ने बताया कि श्रीमद जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्च्छलानन्द सरस्वती महाराज के आशीर्वचन उपस्थित संगठनों के प्रमुख व्यक्तियों का उदबोधन उपस्थित जन समूह द्वारा चनणपादुका पूजन व प्रसाद वितरण होगा। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में शाम 4 बजे अयोध्या समेत अन्य सभी प्रमुख धर्मस्थलियों से पधारे धर्माचार्यों का स्वागत वंदन अभिनन्दन ब्रम्हसागर संगठन के भविष्य के कार्ययोजना पर मंथन व विभिन्न संगठनो का परामर्श होगा। इसी दिन शाम 6 बजे अनंत्श्रीविभूषित श्रीगोवर्धनमठ पुरीपीठाधीश्वर श्रीमज्जगद्गुरु पुरीशङ्कराचार्य के आशीर्वचन और उपस्थित सम्मानित व्यक्तियों को आशीर्वाद तथा अंग वस्त्रम व अन्य सम्मान दिया जाना है। शाम 7 बजे से भोजन प्रसाद का वितरण होगा।विदित हो कि ब्रहम सागर पूरी तरह गैर राजनीतिक संगठन है जो सभी धर्मो तथा राजनीतिक संगठनों का सम्मान करता है। संगठन का मुख्य मकसद टुकडों में बिखरी समाज की ताकत को एकजुट करके उसे सामाजिक न्याय दिलाने के साथ–साथ समाज को कमजोर वर्ग की मदद करके उसे आगे बढाना है।21 नवम्बर को शंकराचार्य जी अपने निवास पर गोष्ठी और दीक्षा के आयोजन मे रहेगे।22 नवम्बर का कार्यक्रम राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय मे 12 से 2 बजे तक होगा । शंकराचार्य स्वामी निश्च्छलानन्द सरस्वती दिनांक 23 नवम्बर को सायं 8 बजे रेलमार्ग से मुरादाबाद प्रस्थान करेगे।


सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से मेंं0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com



**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।